वित्त क्षेत्र में साइबर हमलों की संख्या पूर्व की तुलना में आधी : रिपोर्ट

चर्चा में क्यों?

अक्सर बढ़ती प्रौद्योगिकी को अपनाने के कारण वित्त क्षेत्र को उच्च जोखिम का सामना करना पड़ता है। लेकिन डायमेंशन डेटा (Dimension Data) द्वारा ज़ारी NTT 2018 ग्लोबल इंटेलिजेंस थ्रेट रिपोर्ट (Global Intelligence Threat Report) के आँकड़ों से पता चलता है कि वित्त क्षेत्र के खिलाफ हमले में पिछले साल की तुलना में कमी दर्ज़ की गई है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- वर्ष 2017 में यह आँकड़ा 46 प्रतिशत था, जबकि वर्ष 2018 में यह घटकर 26 प्रतिशत हो गया है फिर भी यह APAC (Asia-Pacific क्षेत्र) में ऐसा क्षेत्र हैं जहाँ सबसे अधिक साइबर हमले हुए।
- इस वर्ष जारी रिपोर्ट यह भी दर्शाती है कि शिक्षा के खिलाफ साइबर हमलों में वृद्धि हुई है। पिछले साल शिक्षा पर साइबर हमलों का प्रतिशत 9 था जबकि इस बार यह 18 है।
- साइबर अपराधियों द्वारा शिक्षा और खुदरा व्यवसायों में अनधिकृत पहुँच प्राप्त करने के लिये ब्रूट फोर्स हमलों (सभी प्रकार के पासवर्ड को हैक करने की तकनीक) का उपयोग किया गया था।
- प्रौद्योगिकी, खुदरा और सरकारी क्षेत्रों पर हमलों में कमी देखी गई जो क्रमश: 16, 15 और 13 प्रतिशत थी। विनिर्माण क्षेत्र पर हमलों में तेज़ी से गिरावट दर्ज की गई।
- अध्ययन में कहा गया है कि यह EMEA को लक्षित करने वाले विनिर्माण क्षेत्र के हमले के रुझानों में वृद्धि के विपरीत था और IoT (Internet of Things) उपकरणों को अपनाने में समस्या उत्पन्न हुई क्योंकि सुरक्षा प्रक्रियाओं को केवल IoT विक्रेताओं द्वारा लागू किया जाना शुरू हो गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cyber-attacks-against-finance-sector-in-apac-down-by-half-report